**Patrika (Indore), 21st May 2025, Page – 03**

## नया रिकॉर्ड : प्लेसमेंट सीजन में 400 से ज्यादा जॉब ऑफर, 130 से अधिक कंपनियां आईं

# आइआइटी इंदौर में 1 करोड़ से ज्यादा का पैकेज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. आइआइटी इंदौर के विद्यार्थियों के लिए इस बार का प्लेसमेंट सीजन बेहद शानदार रहा। पहली बार किसी छात्र को 1 करोड़ रुपए से ज्यादा का सैलरी पैकेज मिला है। इसके साथ ही अब तक 85 फीसदी से ज्यादा बीटेक विद्यार्थी प्लेस हो चुके हैं और 400 से ज्यादा जॉब ऑफर मिल चुके हैं। प्लेसमेंट का सिलसिला अभी जारी है, इसलिए आंकड़े और बेहतर होने की उम्मीद है।

1 दिसंबर 2024 को शुरू हुए प्लेसमेंट सीजन में कई बड़ी टेक कंपनियों और सरकारी उपक्रमों ने हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि इस बार कोर इंजीनियरिंग कंपनियों ने भी ज्यादा रुचि दिखाई और विद्यार्थियों को अलग-अलग जॉब रोल्स ऑफर किए। इस बार 130 से ज्यादा कंपनियों ने आइआइटी में प्लेसमेंट के लिए भाग लिया। इन कंपनियों ने आइटी, ऑटोमोबाइल, एनर्जी, फिनटेक, बैंकिंग, कंसल्टिंग, कंस्ट्रक्शन, सेमी-कंडक्टर और एनवायरन्मेंट जैसे क्षेत्रों में नौकरियां ऑफर की।

### जिन बड़ी कंपनियों ने किया प्लेसमेंट

गूगल, डाटा ब्रिक्स, क्वॉडआई, गोल्डमैन सैक्स, डीई शॉ, टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, एनालॉग डिवाइसेज, बीपीसीएल, एचपीसीएल, बीईएल, सी-डॉट, एल एंड टी, मैथवर्क्स, जिंदल स्टेनलेस, आइसीआइसीआइ बैंक, एचसीएल, एक्सेंचर, डेलॉइट, बीएनवाई मेलॉन, मेश, जेडएस एसोसिएट्स, ऑप्टम, ब्लैकरॉक, सैमसंग, पेटीएम और रश्मि ग्रुप जैसी देश-विदेश की दिग्गज कंपनियों ने विद्यार्थियों को नौकरी दी।

### स्टार्टअप पर भी फोकस

आइआइटी इंदौर के विद्यार्थी अब नौकरियों पर ही निर्भर नहीं हैं। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कई बड़ी कंपनियां आईं लेकिन कुछ विद्यार्थियों ने जॉब लेने की बजाय विदेशी विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा का विकल्प चुना है, वहीं कुछ ने स्टार्टअप शुरू करने का फैसला किया है।

### वेतन पैकेज में बड़ी बढ़त

**सबसे बड़ा पैकेज :** 1 करोड़ से ज्यादा (पिछले साल के मुकाबले दोगुना)
**औसत पैकेज :** 27 लाख रुपए सालाना (13 फीसदी की बढ़त)